गडकरी मेरठ एक्सप्रेसवे का आज उद्‌घाटन करेंगे

तैयारी

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

लंबे इंतजार के बाद दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे का लोकार्पण होने जा रहा है। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह गुरुवार को मेरठ में आयोजित एक कार्यक्रम में मेरठ एक्सप्रेसवे राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

उससे पहले गाजियाबाद के डासना में इंटिग्रेटेड कमांड कंट्रोल रूम का उद्‌घाटन करेंगे, जो पूरे एक्सप्रेसवे पर यातायात से जुड़ी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए बनाया गया है। उसके बाद मेरठ, मुजफ्फरनगर और फिर हरिद्वार में नेशनल हाईवे अथॉरिटी की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। केंद्रीय मंत्री का मेरठ तक सड़क मार्ग से जाने का कार्यक्रम है, जिसे देखते हुए एक्सप्रेसवे चमकाया जा रहा है।

25 दिसंबर से टोल वसूली की शुरुआत होगी

लंबे इंतजार के बाद दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट पूरा होने जा रहा है। चिपियाना आरओबी तैयार होने के बाद प्रोजेक्ट का काम पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही 25 सितंबर से एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली भी शुरू हो जाएगी। इस संबंध में अथॉरिटी की तरफ से नोटिफिकेशन जारी किया जा चुका है। सराय काले खां से मेरठ के बीच 140 रुपये टोल देना होगा।